योगेश कुमार
प्रमुख सचिव

**शीर्षप्राथमिकता**

अर्द्धशा0प0सं0: 4335/37 - 2 — /2013
उत्तर प्रदेश शासन
पशुधन एवं मत्स्य विभाग।

लखनऊः दिनांक 28 नवम्बर, 2013

**प्रिय महोदय,**

मैं आपके पास प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री का पत्र संख्या जी–316 सी0 एम0–2/2013 दिनांक 22 नवम्बर, 2013 की प्रति संलग्न कर प्रेषित कर रहा हूँ, जो जन समस्याओं के निस्तारण के संबंध में है।

प्रकरण में मुझे आपसे यह कहने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया तहसील दिवस पर उपलब्ध करायी गयी जन समस्याओं के संबंध में संलग्न पत्र में दी गयी व्यवस्था के अनुरूप समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक**: उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(योगेश कुमार)

डा0 रूद्र प्रताप,
निदेशक,
पशुपालन विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

2850 28.11.2013

28.11-2013

प्रभारी, ज.स. केन्द्र

29/11/13

श्री नवीन कुमार
समक्ष DD मण्डल को मेल कर दें।
04/12/13

6/3/12

संख्या–जी- 316 सी0एम0–2/2013

प्रेषक,

राकेश गर्ग,
प्रमुख सचिव, मुख्य मंत्री,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उ0प्र0 शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
उत्तर प्रदेश।

मुख्य मंत्री कार्यालय अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक 22 नवम्बर, 2013

विषयः जन समस्याओं के निस्तारण के संबंध में निर्देश।

**महोदय,**

आप अवगत हैं कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसी क्रम में जनपद स्तर पर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन होता है, जिसमें जनता अपनी समस्याओं को तहसील दिवस में उपस्थित अधिकारियों को सीधे सम्पर्क कर अवगत कराती है। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का पंजीकरण कर उसको निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया जाता है और शिकायतकर्ता को उसके प्रार्थना पत्र के पंजीकरण एवं निस्तारण की सूचना एस0एम0एस0 के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। तहसील दिवस संदर्भों पर प्राप्त आख्या को अपलोड करने की व्यवस्था भी की गई है। कोई भी व्यक्ति तहसील दिवस की वेबसाइट tehsildivas.up.nic.in पर जाकर guest login से तहसील दिवस के प्रार्थना पत्रों के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

2877/ST/DOA/3/12/13
सचि0(प्र0218)

2-12-13

प्रभारी, प्र.स.नि. केन्द्र

3/12/13

मा0 मुख्य मंत्री कार्यालय में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त संदर्भ भी निस्तारण हेतु विभिन्न अधिकारियों को प्रेषित किये जाते हैं। समस्त संदर्भ मुख्यमंत्री कार्यालय के वेबसाइट upcmo.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। समस्त अधिकारीगण अपने से संबंधित संदर्भों की जानकारी उक्त वेबसाइट पर अपने login ID एवं password को enter कर प्राप्त कर सकते हैं।

(1) समस्त संबंधित अधिकारियों को login ID/password पूर्व में ही उपलब्ध करा दिये गये हैं। यदि कोई अधिकारी अपना login ID/ password भूल जाता है तो upcmo.up.nic.in पर जाकर पुनः प्राप्त करने की व्यवस्था दी गई है।

(2) मा0 मुख्य मंत्री संदर्भ 04 प्रकार के हैं– आख्या, अनुपालन, समयबद्ध एवं अन्तरित। प्रथम तीन प्रकार ( आख्या, अनुपालन, समयबद्ध) के संदर्भों में आख्या शासन को उपलब्ध कराने का प्राविधान है, जबकि अन्तरित प्रकार के संदर्भ में कार्यवाई कर सीधे वेबसाइट पर आख्या–फीड करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारीगण की है।

जन–सामान्य की सुविधा के लिए उक्त संदर्भों (तहसील दिवस एवं मुख्य मंत्री संदर्भ) पर की गई कार्रवाई का फीड बैक लेने एवं अधिकारियों को उनसे संबंधित लम्बित संदर्भों की जानकारी देने के लिए call centre की स्थापना की जा रही है। इसपर किये गये वार्तालाप सुरक्षा के लिए रिकार्ड किये जायेंगे और उक्त रिकार्ड संबंधित शिकायत संदर्भ के साथ लिंक कर दिया जायेगा।

अतएव आपसे कहने का निदेश हुआ है कि जन समस्याओं के प्रति रूचि लेते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

( राकेश गर्ग )
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन पत्रांक जी-316 (1) /तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त मण्डलायुक्त/पुलिस उप महानिरीक्षक, उ०प्र०।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उ०प्र०।
4. समस्त मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम,उ०प्र०।
5. समस्त अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक (सार्वजनिक उपक्रम), उ०प्र०।
6. समस्त कुल सचिव (उच्च/प्राविधिक शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा), उ०प्र०।

आज्ञा से,

20/11/2007

(अवनीश सक्सेना)
विशेष कार्याधिकारी